


इस विडियो में हम टेबल नैपकिन के किनारे लैस सिलना सीखेंगे। लैस किसी भी चीज़ की खूबसूरती को उभार लाता है ।



इसके लिए हमे चाहिए टेबल नैपकिन लैस और कुछ बीडेड पिन्स।

टेबल नैपकिन को खोल कर सपाट फैलाएं ताकि उसकी सीधी तरफ ऊपर दिखे। लैस को टेबल नैपकिन के किनारे पर कोने से 1 इंच छोड़ कर सीधा मिलाएं। अब बीडेड पिन्स की मदद से टेबल नैपकिन को लैस के साथ जोड़ लें।

कोने के हिस्से के लिए लैस पर छोटी प्लेट लगा कर मोड़े ताकि लैस नुकीला लगे। पिन से इसे जोड़ दे।


अब लैस को इस तरह पिन लगा कर पूरी किनारी पर जोड़ते जाएं। पिन्स एक समान अंतर पर लगाएं ताकि सिलते वक़्त आपकी सहायता हो।

जब आपकी लैस चारों ओर से लग जाये तो इसे आधा इंच रख कर काट लें।

इस आधे इंच को ठीक से मिला कर नीचे की तरफ पिन से जुड़े लैस के साथ लगा दें। दोनों सिरों को पिन से ठीक से जोड़ दें ताकि सिलते समय ये छूटे नहीं।

नैपकिन को मशीन पर सिलने के लिए लाएं।

कपडे को मशीन पर इस तरह से रखें कि ठीक लैस के अंदर वाली किनारी पर सुई आये। स्विच पैटर्न सिलेक्टर को B और C के बीच रखें। स्टिच लेंथ नॉब को भी 2 और 3 के बीच में रखें।








सिलना शुरू करने से पहले पहली पिन हटाएं वरना सुई टूट सकती है। सिलाई के चलते पिन्स हटाना ना भूलें। मशीन स्टार्ट करें और ध्यान से सिलाई एक सीधी रेखा में करें।

कोने पर सिलते समय सुई को कपड़े से बिना उठाये नॉब अपनी तरफ मोड़ लें। अब प्रेशर फुट उठाकर कपड़े को इस तरह से घुमाएं की दूसरी किनारी एक सीधी लकीर में सील सके। प्रेशर फुट नीचे लाकर सिलना शुरू करें।

कपड़े को चारों ओर से ठीक से सील लें पूरी सिलाई हो जाने के बाद प्रेशर फुट उठाकर कपड़े को निकाल लें। एक्स्ट्रा धागों को छांट लें।

अब आपका सुन्दर टेबल नैपकिन तैयार है। इसे इस्तेमाल करें और खूब तारीफ पाएं।

हमारा सुझाव है कि आप इस तरह किनारे पर लैस लगाने के लिए ज़िग ज़ैग स्टिच का प्रयोग करें लेकिन आप खुद अपनी पसंद के मुताबिक एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं तो अपनी रचनात्मकता को खुला छोड़ दें और कपड़ो एवं घर की चीज़ों को अनोखे अंदाज़ से सजायें

